>

Title: Need to implement rail projects sanctioned for Bharatpur Parliamentary Constituency in Rajasthan in previous Rail Budgets.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में गत दो रेल बजटों में रेल परियोजनाओं की घोषणा की गई थी परंतु उन पर अभी तक कार्य आरंभ नहीं किया गया है जिसके कारण भरतपुर जिले के निवासी इन योजनाओं के बारे में जानना चाहते हैं कि इन योजनाओं का क्या हुआ। वर्ष 2010-11 के रेल बजट में भरतपुर जिले के लिए जंक्शन उन्नयन अंतर्गत भरतपुर जंक्शन पर बाह्य रोगी विभाग एवं डायग्नोस्टिक केन्द्र की स्थापना, भरतपुर में तृतीय स्तरीय बहु-विशेषज्ञता अस्पताल की स्थापना, भरतपुर-डीग-कामां-कोसीकलां नई लाईन का सर्वेक्षण, मथुरा-अलवर-रेवाड़ी-हिसार के बीच 330 किलोमीटर का विद्युतीकरण एवं वर्ष 2012-13 के रेल बजट में टांटपुर से बंसी पहाड़पुर नई रेल लाईन का सर्वेक्षण की घोषणा की गई थी। यह सभी कार्य भरतपुर के विकास में सहयोग करने वाले थे और जन-कल्याण को बढ़ावा मिल सकता है। भरतपुर में जलवायु की अनुकूलता एवं कच्चे माल की उपलब्धता के आधार पर कई उद्योगों की स्थापना हो सकती है परंतु रेल सुविधा के अभाव में उद्योगों की स्थापना नहीं हो पा रही है जबकि दक्षिण एवं पश्चिम भारत के हिस्सों में लगभग सभी गाड़ियां यहीं से गुजरती है।

सरकार से अनुरोध है कि जो घोषणा एवं स्वीकृत परियोजनाएं रेल बजट 2010-11 एवं 2011-12 एवं 2012-13 में की गई है उनको जनहित में जल्द आरंभ करने की कृपा की जाए।